सालगिरह मुबारक

रैहन के अंकुश धीमान व कल्पना धीमान को शादी की सालगिरह पर हिमाचल दस्तक की ओर से ढेरों शुभकामनाएं।

न्यूज 1 नजर में

कबीरपंथी सभा की बैठक 14 को

मारंडा। हिमाचल प्रदेश कबीरपंथी समाज सुधार सभा की राज्य स्तरीय बैठक 14 दिसंबर को जिला मंडी में हिमगिरि रिजॉर्ट नेरचौक (नजदीक पतंजलि स्टोर) में सभा के प्रदेशाध्यक्ष मस्त राम की अध्यक्षता में होगी। इस बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों के अतिरिक्त सभी जिलों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष व अन्य सदस्य शामिल होंगे।

15 तक बंद रहेगी सड़क

धर्मशाला। शाहपुर उपमंडल के अंतर्गत रेहलू-दरगेला-पलवाला सड़क के मरम्मत कार्य के चलते यह मार्ग 15 दिसंबर तक हर प्रकार के यातायात के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगा। इस दौरान गाड़ियों की आवाजाही के लिए शाहपुर-रेहलू-चंबी मार्ग का उपयोग किया जाएगा। जिलाधीश कांगड़ा हेमराज बैरवा ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए इस बाबत अधिसूचना जारी कर दी है।

लॉरेट फार्मेसी संस्थान में रक्तदान शिविर

ज्वालामुखी। लॉरेट फार्मेसी शिक्षण संस्थान की रेड रिबन और एनएसएस इकाई द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय कांगड़ा से डॉक्टर्स की टीम ने शिरकत की। संस्थान के निदेशक और प्राचार्य डॉ. एमएस आशावत ने इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने छात्रों को रक्तदान के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि रक्तदान करने से शरीर में किसी तरह की कमजोरी या बीमारी नहीं होती वहीं हमारा किया हुआ रक्तदान किसी बीमार असहाय या दुर्घटनाग्रस्त के लिए काफी सहायक सिद्ध हो सकता है। इस शिविर में करीब 50 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया।

31 से पहले करवाएं ई-केवाईसी

धर्मशाला। विद्युत उपमंडल सिद्धपुर के सहायक अभियंता करम चंद भारती और उपमंडल-2 धर्मशाला के सहायक अभियंता रमेश चंद ने अपने-अपने उपमंडल के अंतर्गत आने वाले बिजली उपभोक्ताओं से 31 दिसंबर से पूर्व अपने बिजली मीटर की ई-केवाईसी करवाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बिजली बिलों में मिलने वाली सब्सिडी का लाभ लेने के लिए सभी को अपने मीटर की ई-केवाईसी करवाना जरूरी है। एसडीओ ने कहा कि इस माह उनके बिल वितरक जब घरों में बिजली के बिल काटने के लिए आएंगे तो जिस किसी ने भी अपनी ई-केवाईसी अभी तक नहीं करवाई है, वे उन्हें इसकी सूचना जरूर दें। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता उनके कार्यालय में आकर भी ई-केवाईसी करवा सकते हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं से समय पर अपने बिजली बिलों के भुगतान की भी अपील की है।

राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा

पालमपुर। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को देख पालमपुर में हिंदू संगठनों का गुस्सा सड़क पर फूट पड़ा। पालमपुर में हिंदू संगठनों के आह्वान पर काफी संख्या में लोग इकट्ठे हुए। जिसे लेकर शहर में एक रैली निकाली। हालांकि, यह रैली शांतिपूर्वक थी, लेकिन काफी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा और पालमपुर शहर के बीच बनी मस्जिद पर भी पुलिस का पहरा रहा। रैली निकाल कर लोगों ने एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन दिया। लोग इस बीच जय श्री राम के नारे लगाते रहे। साथ ही सुभाष चौक पर सड़क पर बैठ कर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस बीच यातायात भी बाधित होता रहा। जबकि इस विरोध प्रदर्शन से कोई अप्रिय घटना नहीं घटी है। मंगलवार को हिंदु संगठनों के आह्वान पर पालमपुर में लोगों ने रैली निकाली। गांधी गाउंड से शुरु हुई यह रैली थाना तक जाकर वापस आई। इस बीच किसी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस भी रैली के साथ चलती रही। जबकि पुलिस ने शहर के बीच मस्जिद के बाहर पुलिस तैनात की थी। सुभाष चौक के पास पहुंचते ही लोग एकाएक सड़क पर बैठ गई। जिस पर लोगों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। उसके बाद रैली सीधे संयुक्त कार्यालय पालमपुर पहुंची। जहां पर एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा।

हरिपुर-बनखंडी सड़क पर एक माह भी नहीं टिक पाया पैचवर्क

हरिपुर गुग्गा मंदिर से गार्ड हट तक किया गया था काम

हिमाचल दस्तक ▮ देहरा

हरिपुर-बनखंडी सड़क पर किया गया पैचवर्क एक माह भी नहीं टिक पाया है, अधिकतर पैच एक माह से पहले ही उखड़ गए हैं। लोक निर्माण विभाग की माने तो सड़क पर शैडो (सही तरीके से धूप न पड़ना) होने के चलते ऐसा हुआ है। गौरतलब है कि हरिपुर-बनखंडी सड़क की हालत काफी खस्ता थी। हरिपुर गुग्गा मंदिर से गार्ड हट तक तो स्थिति बहुत ही खराब थी। यहां पर सड़क जगह-जगह से उखड़ गई थी। इससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। लोगों की परेशानी को देखते हुए लोक निर्माण विभाग ने पैचवर्क का निर्णय लिया। गुग्गा मंदिर से गार्ड हट तक जगह-जगह पैच लगाए गए। पर पैचवर्क के बाद भी लोगों की परेशानी कम नहीं हुई, बल्कि बढ़ गई। कार्य के कुछ दिन बाद ही अधिकांश जगहों पर पैच उखड़ने शुरू हो गए। पैच में डाली बजरी बाहर निकल आई और सड़क पर बिखर गई। इससे दोपहिया वाहन चालकों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई दोपहिया वाहन बजरी में स्किड भी हुए हैं। गनीमत यह रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। लोगों का कहना है कि यह कैसा पैचवर्क जो एक माह में ही उखड़ गया। अभी तो बारिश भी नहीं हुई है।

▮ लोगों ने काम की गुणवत्ता पर उठाए सवाल

> **सड़क** पर शैडो होने के चलते पैच टिक नहीं सके हैं। गार्ड हट के पास एक जगह पैच लगाया था, वो सही रहा। उसको देखते हुए बाकी जगह भी पैचवर्क कर दिया, लेकिन पैच टिक नहीं पाए। जल्द कोई हल निकालकर सड़क को दुरुस्त किया जाएगा।
>
> **-गुरवचन सिंह, एसडीओ, पीडब्ल्यूडी, हरिपुर।**

आज लंबागांव व आलमपुर में होंगी एसपी कांगड़ा

धर्मशाला। पुलिस अधीक्षक कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री बुधवार को जिला के लंबागांव पुलिस थाना और आलमपुर पुलिस चौकी में लोगों की पुलिस संबंधित समस्याएं सुनेंगी। एसपी अपने इस दौरे के दौरान सुबह साढ़े 11 बजे सबसे पहले डीएवी स्कूल आलमपुर जाएंगी। इसके बाद वह आलमपुर पुलिस चौकी में दिन में करीब एक बजे पुलिस संबंधित शिकायतें सुनेंगी। वही बाद में पुलिस थाना लंबागांव पंहुचेंगी जहां वह इस थाना के तहत आने वाले लोगों से मिलकर उनकी शिकायतों का निपटारा करेंगी। एसपी ने बताया कि लोगों को अपनी शिकायतों के लिए उनके कार्यालय न आना पड़े इसके लिए वह लोगों की सुविधा के लिए पुलिस चौकी और थाना में मौजूद रहेंगी। उन्होंने बताया कि आम लोगों की समस्याओं के निपटारे के लिए पुलिस प्रतिबद्ध है तथा उनकी समस्याओं को सुलझाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि अगर उनकी कोई भी शिकायत या किसी तरह की कोई समस्या हो तो वह बुधवार को दोनों जगह पहुंचकर अपनी समस्याओं के बारे में सीधा उनसे मिल सकते हैं।

मानवाधिकार दिवस पर राजपुर में व्याख्यान

पालमपुर। गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज राजपुर में मानवाधिकार दिवस के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। धर्मशाला के खनियारा स्थित हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र के विधि विभाग में बतौर सहायक प्राध्यापक कार्यरत डॉ. नमिता मिन्हास राणा ने बतौर मुख्य वक्ता मानवाधिकारों की जानकारी दी। राजपुर कॉलेज के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने कहा कि इस वर्ष मानवाधिकार का मूल विषय हमारे अधिकार, हमारा भविष्य, है। डॉ. नमिता मिन्हास राणा ने अपने वक्तव्य में मानवाधिकारों के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को इसके प्रति जागरूक होने का आह्वान किया। उन्होंने वेदों, पुराणों से मानव के अधिकारों के इतिहास की जानकारी दी।

सीएम से मिलेगा जलवाहक महासंघ

धर्मशाला। जलवाहकों का एक प्रतिनिधिमंडल सुरेश कुमार की अगुआई में अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के कांगड़ा जिला प्रधान राजिंद्र मन्हास से शाहपुर में मिला। जलवाहकों ने बताया कि मार्च 2024 को 11 साल का कार्यकाल पूरा कर चुके जलवाहक अभी भी नियमित होने का इंतजार कर रहे हैं, जबकि सरकार की तरफ से इस विषय में अभी तक कोई अधिसूचना नहीं निकाली है। जिला प्रधान राजिंद्र मन्हास ने भरोसा दिलाया की विधानसभा सत्र में महासंघ इस विषय में मुख्यमंत्री के समक्ष इस मांग को प्रमुखता से रखेगा। उन्होंने कर्मचारियों से भी आह्वान किया कि 11 दिसंबर को सरकार का दो साल का कार्यकाल पूरा हो रहा है और पेंशन बहाली पहली कैबिनेट में हुई है। अतः सभी कर्मचारी बिलासपुर में सरकार द्वारा रखे गए राज्य स्तरीय भव्य समारोह में जरूर शामिल हों।

नगरोटा कॉलेज में ऐड मेड प्रतियोगिता

नगरोटा बगवां। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवां कॉलेज में बीबीए विभाग द्वारा आयोजित ऐड मेड गतिविधि ने छात्रों को अपने रचनात्मक और विज्ञापन कौशल को निखारने का अवसर प्रदान किया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने विभिन्न उत्पादों के लिए प्रभावशाली और आकर्षक विज्ञापन प्रस्तुत किए, जिससे उनकी रचनात्मकता और मार्केटिंग क्षमताओं का विकास हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार सोनी ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और आयोजक प्रो. आशु सानन को बधाई दी। प्राचार्य ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां कॉर्पोरेट क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। विज्ञापन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर निखिल की टीम सी रही, वहीं द्वितीय स्थान पर परविंद्र की टीम एफ व तीसरे स्थान पर स्वस्तिका की टीम ए रही। प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार सोनी ने विजेताओं को सम्मानित किया और स्मृतिचिह्न प्रदान किए।

शरण कॉलेज में मनाया मानवाधिकार दिवस

हिमाचल दस्तक▮ कांगड़ा

इनरव्हील क्लब कांगड़ा के सौजन्य से शरण कॉलेज ऑफ एजुकेशन फॉर वुमन घुरकड़ी में मंगलवार को मानवाधिकार दिवस मनाया गया, इसके अंतर्गत प्रशिक्षु छात्राओं के लिए पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग व वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाली छात्राओं को इनरव्हील क्लब कांगड़ा ने सर्टिफिकेट व स्मृतिचिह्न देकर नवाजा। इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष डॉ. सुमन शर्मा ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करते हुए बीएड तथा डीएलएड की प्रशिक्षु छात्राओं को मानवाधिकार संबंधी जानकारी दी। इसके बाद कॉलेज की छात्राओं ने इस वर्ष की थीम हमारे अधिकार, हमारा भविष्य विषय पर लघु नाटिका के माध्यम से लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

सीएम की लोकप्रियता से बौखलाई भाजपा : सपन

देहरा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की राजनीतिक कार्यकुशलता से प्रदेश की जनता में दिन प्रतिदिन बढ़ रही सरकार की लोकप्रियता को प्रदेश भाजपा पचा नहीं पा रही है। प्रदेश में अपने राजनीतिक वजूद को हाशिये पर जाता देख भाजपा मुट्ठीभर लोगों को लेकर जनआक्रोश रैलियां प्रदेशभर में करके हो-हल्ला मचा रही है। जिला कांगड़ा कांग्रेस कमिटी के पूर्व प्रवक्ता सपन सूद ने कहा कि सत्तारूढ़ सुक्खू सरकार के विरुद्ध षड्यंत्रकारी आप्रेशन लोटस के फेल होने के बाद मुद्दाविहीन भाजपा जन आक्रोश रैलियों को राजनीतिक हथियार बनाकर प्रदेश की जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा की मंगलवार को देहरा में भाजपा के जन आक्रोश प्रदर्शन में पूर्व मंत्री रविंद्र रवि व रमेश ध्वाला द्वारा दूरी बनाए रखने से स्पष्ट संकेत मिलते हैं कि भाजपा में गुटबाजी चरम सीमा पर है। सूद ने कहा की भाजपा के इन दोनों नेताओं द्वारा जन आक्रोश रैली से कन्नी काटना दर्शाता की भाजपा प्रदेश सरकार के विरुद्ध किए जा रहे प्रदर्शनों पर बंटी हुई है। कांग्रेस प्रवक्ता सपन सूद ने कहा की आगामी तीन वर्षों में प्रदेश मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में विकास की नई बुलंदियों को छू लेगा।

घृतमंडल पर्व पर होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

हिमाचल दस्तक ▮ कांगड़ा

▮ बज्रेश्वरी मंदिर ट्रस्ट सदस्यों की बैठक में लिया फैसला
एसडीएम इशांत जसवाल बोले-इस बार भव्य होगा कार्यक्रम

मां बज्रेश्वरी मंदिर कांगड़ा में जिला स्तरीय मकर संक्रांति के उपलक्ष्य पर घृतमंडल पर्व के आयोजन को लेकर एसडीएम कांगडा इशांत जसवाल की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और ट्रस्ट सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में इस पर्व के आयोजन को पहले से भव्य और सफल बनाने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में घी से मक्खन बनाने, मक्खन चढ़ाने और मक्खन उतारने की प्रक्रिया को व्यवस्थित तरीके से करने और इसके मानदेय के विषय पर चर्चा की गई।

इस पर्व के दौरान बैठक में मां बज्रेश्वरी मंदिर की पत्रिका निकालने का निर्णय लिया गया। मंदिर की सजावट और रोशनी भव्य और मनमोहक हो इस बारे में बैठक में चर्चा की गई। बैठक में यह निर्णय लिया किया कि इस वर्ष मकर संक्रांति पर्व के मौके पर दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसमें स्थानीय कलाकारों को मौका दिया जाएगा। 14 जनवरी को मंदिर के प्रांगण में माता का जागरण आयोजित किया जाएगा जबकि 15 जनवरी के दिन नगर परिषद मैदान में मां बज्रेश्वरी का भव्य जागरण और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में मंदिर के अंतर्गत आने वाली समस्त जमीनी संपत्ति की फेंसिंग करने का निर्णय लिया गया। बैठक में नगर परिषद मैदान में हाई मास्क लाइट लगाने बारे चर्चा हुई। स्थानीय सिविल हॉस्पिटल कांगड़ा में उपकरणों की खरीद में सहायता करने का निर्णय लिया गया।

मंदिर में लंगर, सफाई व्यवस्था और सजावट करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। एसडीएम कांगड़ा ने कहा कि मंदिर में आयोजित होने वाले जागरण के लिए स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस पर्व के मौके पर श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होने के चलते उचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। नगर परिषद मैदान में झूले और अस्थायी दुकानें प्रक्रिया के तहत लगाई जा सकेंगी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भी मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु कैंप लगाने के निर्देश दिए।

सीएसआईआर सभागार पालमपुर में शोधपत्र पर चर्चा

पालमपुर। सीएसआईआर सभागार पालमपुर में हिमाचल प्रदेश में हिंदी साहित्य में चित्रित समाज विषय पर भाषा और संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश और रचना साहित्य एवं कला मंच के सौजन्य से शोधपत्र पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि सीएसआईआर के निदेशक डॉ. सुदेश कुमार यादव और अध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार रहे। निदेशक डॉ. यादव ने साहित्यिक कार्यक्रमों के लिए भविष्य में भी सहयोग करते रहने का आश्वासन दिया। शोधपत्र डॉ. आशु फुल्ल ने प्रस्तुत किया जिस पर त्रिलोक मेहरा, पंकज दर्शी, भूपेंद्र जम्वाल भूपी, राजीव त्रिगर्ती, गंगाराम राजी, प्रभात शर्मा, चिरानंद आनंद, कुशल कटोच, विक्रम गथानिया, कृष्ण चंद्र महादेविया आदि ने अपने अपने विचार प्रकट किए। सहायक निदेशक भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश सुरेश राणा और जिला भाषा अधिकारी कांगड़ा अमित गुलेरी भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

पारस स्कूल में समारोह, होनहार नवाजे

पालमपुर। पारस पब्लिक स्कूल भवारना में मंगलवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यअतिथि सेवानिवृत्त न्यायाधीश एसी थलवाल, निदेशक महेश चंद कटोच और प्रधानाचार्या नीलम राणा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलित करके की । प्रधानाचार्या ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी और सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में पंजाब की लोक संस्कृति की झलक प्रस्तुत करते हुए छात्राओं ने गिद्दा पेश किया और खूब वाहवाही लूटी। नौवीं कक्षा की सानिया ठाकुर ने एकल नृत्य पेश किया। कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं को पूरा वर्ष शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान हासिल करने के लिए और 1 ग्रेड हासिल करने वाले बच्चों को स्मृतिचिह्न और पदक देकर सम्मानित किया गया। एमबीबीएस में जगह बनाने वाली विद्यालय की पूर्व छात्राएं स्तुति मिश्रा और सानिया के अभिभावकों को भी स्मृतिचिह्न और पदक देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या ने कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यअतिथि, अभिभावकों और अन्य व्यक्तियों का धन्यवाद किया और बच्चों को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

ढलियारा कॉलेज की रेंजर्स ने रिवालसर में आत्मरक्षा के गुर सीखे

देहरा। भारत स्काउट एवं गाइड हिमाचल प्रदेश के रिवालसर में स्थित राज्य प्रशिक्षण केंद्र द्वारा आयोजित उत्तर क्षेत्रीय स्वः रक्षा प्रशिक्षण शिविर में राजकीय महाविद्यालय ढलियारा की चार रेंजर्स ने सफलतापूर्वक भाग लिया तथा स्वः रक्षा बारे अनेक प्रकार के कौशल प्राप्त किए। इस शिविर में हिमाचल प्रदेश के अतिरिक्त राजस्थान, हरियाणा, जम्मू कश्मीर तथा उत्तर रेलवे से जुड़े अनेक रेंजर्स ने भाग लिया। बेसिक प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने पर महाविद्यालय प्राचार्या ने सभी रेंजर्स को बधाई दी तथा उनसे महाविद्यालय की छात्राओं के लिए भी प्रशिक्षण शुरू करने का आह्वान किया। शीघ्र ही प्रशिक्षित छात्राएं महाविद्यालय में अन्य छात्राओं को भी प्रशिक्षित करेंगी ताकि सभी छात्राएं अपनी रक्षा स्वयं करने में सक्षम हो सके। प्रशिक्षण शिविर में रेंजर नंदिनी, साक्षी, रितिका तथा शायना ने भाग लिया।

नगर निगम की बैठक में बनी सहमती, कई विकासात्मक निर्णय लिए

पालमपुर के वार्डों में स्थापित किए जाएंगे ई-लर्निंग केंद्र

हिमाचल दस्तक ▮ पालमपुर

नगर निगम पालमपुर की सामान्य सदन बैठक का आयोजन मेयर गोपाल नाग की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में विशेष अतिथि के रूप में विधायक आशीष बुटेल ने शिरकत की। बैठक में नगर निगम पालमपुर के सभी पार्षद उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विभिन्न विकासात्मक एजेंडा पर चर्चा की गई। बैठक में आमंत्रित करने के लिए विधायक आशीष बुटेल ने आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि पालमपुर, हिमाचल प्रदेश का प्रमुख शहर है। इसके गौरव और सौंदर्य को बरकरार रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पालमपुर के विकास और यहां सुविधाओं को उपलब्ध करवाने के लिए सरकार हर सहयोग के लिए तैयार है। पार्षदों ने एजेंडा पर अपने-अपने बहुमूल्य सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में राधा कृष्ण मंदिर पार्किंग का निर्माण कार्य 2025 तक पूरा करने पर निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त महिला स्वयं सहायता समूह को साप्ताहिक बाजार आयोजित करने के लिए एक निर्धारित स्थान प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा अन्य वार्डों में भी इसी तरह के स्थानों की पहचान की जाएगी ताकि महिला स्वयं सहायता समूह के कल्याण को बढ़ावा मिल सके। नगर निगम नवोदय और सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को कोचिंग सहायता प्रदान करना जारी रखेगा। बैठक में नगर निगम ने विभिन्न वार्डों में ई-लर्निंग केंद्रों के विकास का निर्णय लिया है। पहला ई-लर्निंग केंद्र राजपुर वार्ड में स्थापित किया जाएगा, जहां युवाओं और बच्चों के लिए विभिन्न शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। बैठक के दौरान मेयर ने निगम को विकासात्मक गतिविधियों की गति को तेज करने की विशेष दिशानिर्देश दिए ताकि पालमपुर शहर के नागरिकों की भलाई सुनिश्चित की जा सके। निगम द्वारा लिए गए निर्णयों को लेकर सभी पार्षदों ने अपनी सहमति व्यक्त की और उन्हें कार्यान्वित करने के लिए तत्परता दिखाई।

आईनॉक्स विंड एनर्जी लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 264 से 267, इंडस्ट्रीयल एरिया, गाँव–बसल, जिला उना –174303, हिमाचल प्रदेश
सीआइएनः L40106HP2020PLC010065 | **टेलीफोन/फैक्सः** +91 (1975) 297843 | ई–मेलः investors.iwl@inoxwind.com | **वेबसाइटः** www.iwel.co.in

डाक मतपत्र की सूचना एवं ई–वोटिंग की जानकारी

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 108 एवं 110 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 ("नियम") के नियमन 20 एवं 22, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 ("सूचीबद्धता विनियम") के विनियमन 44 एवं 47, इंस्टिट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज ऑफ इण्डिया द्वारा सामान्य बैठकों पर जारी सेक्रेटेरियल स्टैण्डर्ड–2 ("एसएस–2") तथा कॉर्पोरेट मामले मंत्रालय ("एमसीए") एवं भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा समय–समय पर उनके विभिन्न परिपत्रों एवं अधिनियमों, नियमों, विनियमों, परिपत्रों एवं अधिसूचनाओं (किसी भी वैधानिक संशोधन(ओं) अथवा तत्समय उनके पुनः अधिनियम सहित) के किसी भी अन्य लागू प्रावधानों के अनुसार आईनॉक्स विंड एनर्जी लिमिटेड (''कम्पनी'') के सदस्यों की स्वीकृति इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा डाक मतपत्र के माध्यम से (''ई–वोटिंग'') डाक मतपत्र सूचना दिनांकित 29 नवम्बर, 2024, जो उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक रूप में प्रेषित की गई है जिनके नाम कम्पनी के सदस्यों के रजिस्टर अथवा डिपॉजिटरी द्वारा अनुरक्षित लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में शुक्रवार, 6 दिसम्बर, 2024 ("कट–ऑफ तिथि") को दर्ज हो तथा जिनकी ईमेल आईडी कम्पनी/ रजिस्ट्रार व शेयर ट्रांसफर एजेंट अर्थात् लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (''आरटीए'') अथवा डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ पंजीकृत है, में निर्धारित प्रस्ताव(ओं) पर मांगी गई है। कम्पनी ने मंगलवार, 10 दिसम्बर, 2024 को व्याख्यात्मक वक्तव्य के साथ सूचना का प्रेषण पूर्ण कर लिया है।

डाक मतपत्र सूचना कम्पनी की वेबसाइट पर www.iwel.co.in और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट अर्थात् बीएसई लिमिटेड (बीएसई): www.bseindia.com एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई): www.nseindia.com तथा नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की वेबसाइटः www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध है।

लागू एमसीए परिपत्रों के अनुसार, कम्पनी मात्र इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों (ई–वोटिंग) द्वारा उक्त डाक मतपत्र में प्रस्तुत प्रस्ताव(ओं) पर वोट देने के अधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान कर रही है। सदस्यों की सहमति या असहमति का संचार केवल ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से होगा। कम्पनी ने ई–वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए एजेंसी के रूप में एनएसडीएल की सेवाएं ली हैं।

वह व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर अथवा लाभार्थी स्वामीयों के रजिस्टर में कट–ऑफ तिथि को दर्ज है, केवल वही ई–वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने हेतु अधिकृत होगा। ई–वोटिंग हेतु सदस्यों/ लाभार्थी स्वामी(ओं) के वोटिंग अधिकार कट–ऑफ तिथि को कम्पनी की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूँजी में उनके शेयरों के अनुपात में होगा। कट–ऑफ तारीख पश्चात् सदस्य बनने वाले व्यक्ति को इस सूचना को जानकारी मात्र के उद्देश्य से व्यवहृत करना चाहिए। सदस्य द्वारा एक बार डाले गए वोट को बाद में बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ई–वोटिंग की अवधि इस प्रकार हैः

ई–वोटिंग का आरम्भ	बुधवार, 11 दिसम्बर, 2024 को प्रातः 09:00 बजे
ई–वोटिंग का समापन	बृहस्पतिवार, 9 जनवरी, 2025 को सायं 05:00 बजे

कृपया ध्यान दें कि बृहस्पतिवार, 9 जनवरी, 2025 को सायं 5:00 बजे के उपरान्त ई–वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी एवं इसके पश्चात् एनएसडीएल द्वारा ई–वोटिंग सुविधा निष्क्रिय कर दी जाएगी। ई–वोटिंग सहित भौतिक मोड में शेयर रखने वाले सदस्यों या जिन्होंने अपना ई–मेल पता पंजीकृत नहीं किया है के वोट डालने हेतु प्रक्रिया पर निर्देश डाक मतपत्र सूचना के हिस्से के रूप में प्रदान किए गए हैं।

घोषित परिणाम, संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ, ई–वोटिंग के समापन के 2 (दो) कार्य दिवस के अन्दर अर्थात् सोमवार, 13 जनवरी, 2025 को या उससे पूर्व कम्पनी तथा एनएसडीएल की वेबसाइटों पर प्रदर्शित किए जाएंगे एवं स्टॉक एक्सचेंजों अर्थात् बीएसई तथा एनएसई को भी संचारित किए जाएंगे।

ई–वोटिंग से सम्बद्ध किसी भी शिकायत के सम्बन्ध में सदस्य, सुश्री पल्लवी म्हात्रे, एनएसडीएल, ट्रेड वर्ल्ड, "ए" विंग, चौथी मंजिल, कमला मिल्स कंपाउंड, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई–400013 से नामित ईमेल पतेः evoting@nsdl.co.in अथवा 022 48867000 पर कॉल द्वारा संपर्क कर सकते हैं।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते **आईनॉक्स विंड एनर्जी लिमिटेड**
हस्ता/–
उदय शंकर प्रसाद
कम्पनी सचिव

स्थान : नोएडा
दिनांक : 10 दिसम्बर, 2024